आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नाम वापसी की आज आखिरी तारीख।
- राज्य की 193 विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूचियां प्रकाशित–5 करोड़ 15 लाख 42 हजार 293 कुल मतदाता।
- सीकर बस हादसे में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5–5 लाख रूपये का मुआवजा देने की घोषणा।
- प्रदेशभर में दीपोत्सव की रौनक–आज रूप चतुर्दशी मनायी जा रही है।

..........................

प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए नाम वापसी की आज आखिरी तारीख है। इसके बाद उम्मीदवारों की कुल संख्या स्पष्ट हो जायेगी। कल पांच अभ्यर्थियों ने नाम वापिस लिए। 25 अक्टूबर तक इन सीटों पर 94 प्रत्याशियों ने 118 पर्चे दाखिल किये थे। जांच के बाद 11 नामांकन पत्र रद्द हो गए थे। उपचुनाव के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए आधे से अधिक मतदान केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल उपचुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को इस बारे में निर्देश दिए।
श्री महाजन ने बताया कि चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए कुल 1 हजार 938 मतदान केन्द्रों में से 1 हजार 122 केन्द्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 7 विधानसभा क्षेत्रों में 735 संवेदनशील मतदान केन्द्र चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने उड़न दस्तों और स्थैतिक निगरानी टीमों के साथ ही आबकारी और परिवहन विभाग सहित अन्य प्रवर्तन एजेंसियों को अवैध नकदी, शराब और अन्य मुफ्त वस्तुओं के वितरण की धरपकड़ में तेजी लाने के निर्देश दिए।

..........................

राज्य के 193 विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूचियां कल प्रकाशित हो गई हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार इन सूचियों पर दावे, आपत्तियां और संशोधन के लिए 28 नवम्बर तक आवेदन किए जा सकते है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ईआरओ की ओर से इन आवेदनों का निस्तारण करने के बाद अंतिम सूचियां अगले साल जनवरी में प्रकाशित होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने और किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम–2025 के तहत सूचियां प्रकाशित की गई हैं। इनमें उपचुनाव वाले 7 विधानसभा क्षेत्रों की सूचियां शामिल नहीं हैं। उन्होंने बताया कि 193 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 5 करोड़ 15 लाख 42 हजार 293 हो गई है। इनमें 2 करोड़ 67 लाख 85 हजा 372 पुरुष और 2 करोड़ 47 लाख 56 हजार 276 महिला तथा 645 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

..........................

उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में कल दौसा में वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट पर स्थानीय कलाकारों ने मतदान संबंधी गीत पेश किये और लोगों से वोट डालने की अपील की। डूंगरपुर जिले के चौरासी में लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताने के लिए स्वीप के तहत नवाचार किया गया है। जिला निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित वोट नूं मेरियू कार्यक्रम आयोजित किया गया। वागड़ संस्कृति में दीपावली के अवसर पर मेरियू की परम्परा रही है। सलूम्बर में महिला मनरेगा श्रमिकों को अनिवार्य रूप से वोट डालने के लिए जागरूक किया गया।

.......

..........................

तेल विपणन कंपनियों–ओएमसी ने पेट्रोल पंप डीलरों को दिये जाने वाले डीलर कमीशन में बढोतरी की घोषणा की है। साथ ही पेट्रोल और डीजल डिपो से दूरदराज के स्थानों पर स्थित उपभोक्ताओं को लाभ

पहुंचाने के लिए अंतर–राज्य माल ढुलाई को तर्कसंगत बनाने के निर्णय की भी घोषणा की गई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ओएमसी के इस निर्णय का स्वागत किया है। इसके परिणामस्वरूप देश के कई हिस्सों में पेट्रोल–डीजल सस्ते हो जाएगे। चुनाव वाले राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों में यह निर्णय बाद में लागू किया जाएगा।

0000

राज्य सरकार ने सीकर बस हादसे में मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से पांच–पांच लाख रूपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से ये जानकारी देते हुए बतायाकि गंभीर रूप से घायलों को 50–50 हजार रूपये और अन्य जख्मियों को 20–20 हजार रूपये की मदद दी जायेगी।
राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी सीकर में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि जिले के लक्ष्मणगढ़ में यात्रियों से भरी एक निजी बस के पुलिया से टकराने से बस में सवार 12 लोगों की मृत्यु हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की है।

..........................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर जिले के कोटड़ा क्षेत्र में नए सैटेलाइट अस्पताल की नींव रखी। 50 बेड की क्षमता वाला यह अस्पताल करीब 26 करोड़ रूपए की लागत से तैयार होगा। यहां सभी विभागों की सेवाएं मिलेंगी। नया अस्पताल बनने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की लगभग एक लाख आबादी को राहत मिलेगी। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के लिए 200 करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

..........................

रोशनी के पर्व दीपोत्सव के तहत आज रूप चतुर्दशी मनाई जा रही है। इसे नरक चतुर्दशी और काली चतुर्दशी और छोटी दीपावली भी कहा जाता है। रूप चतुर्दशी पर तेल उबटन लगा सौंदर्य निखारने की परम्परा है। वहीं यम देव की पूजा अर्चना की जाती है और शाम को लक्ष्मी गणेश का आह्वान कर दीपमाला सजायी जाती है। रूप चतुर्दशी पर महिलाओं ने खासा उत्साह देखा जा रहा हैं। भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों पर जलाशयों और सरोवरों में स्नान कर श्रद्धालु धन धान्य और सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। इससे पहले कल धन तेरस का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया। लोगों ने सोने चांदी के सिक्के, गहने, बर्तनों और इलेक्ट्रोनिक्स तथा अन्य सामान की खरीदारी की।
पुष्कर स्थित ब्रम्हा मंदिर स्थित कुबेर मंदिर के पट खोले गए, जहां बडी संख्या में देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। बालोतरा के खेड गांव में भगवान रणछोड राय का मंदिर दीयो के उल्लास से जगमग है।

......

प्रदेशभर के मंदिरों, बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दीपावली के पर्व पर अनूठी रंगत नजर आ रही हैं। सवाईमाधोपुर के रणथम्भोर राष्ट्रीय उद्यान में दीपोत्सव मनाने बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पहुंचे है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से।

......

दीपोत्सव के देखते हुए जयपुर शहर में आज से 2 नवंबर तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

..........................